### जर्जर मकानों में जान जोखिम में, बुज़ुर्ग महिलाएं नहीं कर पा रहीं अपनी ही संपत्ति की रजिस्ट्री

# कलेक्टर की अनुमति में उलझी ग्रामीणों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत जरूरतमंद बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। लगभग एक वर्ष से शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज अपनी पैतृक जमीन या मकान को वे मजबूरी में भी नहीं बेच पा रहे हैं। शादी, बीमारी या बच्चों की पढ़ाई जैसे आपात हालातों में पहले ग्रामीण अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री कर संकट से उबर जाते थे, लेकिन अब अधिकार अभिलेख जारी होने के बाद मकान या जमीन की रजिस्ट्री के लिए कलेक्टर कार्यालय से अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह उनकी पुश्तैनी संपत्ति है, फिर भी उन्हें अनावश्यक प्रक्रिया में उलझाया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ से मांग की है कि जिस प्रकार शहर में आबादी मद की रजिस्ट्री की प्रक्रिया सरल की गई है, उसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों की इस समस्या का भी समाधान किया जाए।



#### जर्जर मकान में रहना मजबूरी, कभी भी ढह सकता है घर

ग्राम बडचिचोली निवासी 75 वर्षीय विमल पति स्व. बाबाराव इंगले अपने पुत्र रविंद्र के साथ जैसे-तैसे खेती कर जीवनयापन कर रही हैं। बीते वर्ष हुई भारी बारिश में उनका कच्चा मकान आधा ढह गया। जान का खतरा देखते हुए विमल ने मकान का आधा हिस्सा बेचकर शेष हिस्से को पक्का बनाने का निर्णय लिया। लेकिन जब रजिस्ट्री कराने की बारी आई तो सर्विस प्रोवाइडरों ने स्पष्ट कर दिया कि कलेक्टर कार्यालय की अनुमति के बिना रजिस्ट्री संभव नहीं है। मकान की जर्जर हालत से भयभीत होकर विमल की बहू अपने 12 वर्षीय नाती को लेकर मायके चली गई है। वर्तमान में वृद्धा विमल और उसका पुत्र ही उस खतरनाक मकान में रहने को मजबूर हैं, जो कभी भी गिर सकता है।

#### नाती के नाम भी नहीं हो पा रही रजिस्ट्री

इसी तरह ग्राम खैरीपैका निवासी 75 वर्षीय मीरू डोबले अपने नाती के साथ रहती हैं। नाती द्वारा पूरी देखभाल किए जाने के कारण मीरू अपना मकान उसके नाम करना चाहती हैं, लेकिन यहां भी कलेक्टर कार्यालय की अनुमति की बाध्यता सामने आ गई है। इस काम के लिए मीरूबाई अब वकीलों की शरण में गई है।

#### बड़ा सवाल प्रक्रिया पूरी कौन करेगा ?

दोनों ही मामलों में सबसे बड़ा सवाल यह है कि कलेक्टर कार्यालय की अनुमति की जटिल प्रक्रिया को ये बुज़ुर्ग महिलाएं स्वयं कैसे पूरी करें। अपनी ही संपत्ति होने के बावजूद, जरूरत के समय रजिस्ट्री न कर पाने से वे असहाय स्थिति में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो कई परिवार जान जोखिम में डालकर जर्जर मकानों में रहने को विवश रहेंगे।

# देहात पुलिस की गिरफ्त में आया अंतर्राज्जीय चोर गिरोह, लाखों के जेवरात किए बरामद

### 4 आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार, चोरी के 11 लाख रूपए सहित मशरुका जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

देहात पुलिस ने अंतर्राज्जीय चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 11 लाख रूपए सहित मशरूका बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में सम्पत्ति संबंधी अपराधियों की धरपकड करने एवं चोरी गए मशरुका को बरामद करने के संबंध में जिला के समस्त थाना प्रभारियों को विशेष टीम गठित कर कार्यवाही करने आदेशित किया गया था जो आदेश के पालन में नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अजय राणा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक गोविन्द सिंह राजपुत द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित कर मुखबीर तंत्र के आधार पर एवं सायबर सेल की मदद से एक माह पूर्व एस. आर. कालोनी से एक फारेस्ट के कर्मचारी के घर से चोरी गए करीबन 13 लाख के जेवर एवं चोरी गई टाटा टियागो कार पुलिस ने बरामद कर गिरोह के एक महिला सहित चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पठना का सक्षिर विवरण दिनांक 03.12.25 को प्रार्थी प्रशांत पिता बसंत उपरे निवासी एस. आर. कालोनी पोआमा ने थाना देहात में रिपोर्ट लिखाई थी की दिनांक 03.12.25 को प्राथर्थी की पत्नी बेटी आसना को लेकर निर्मला स्कूल खजरी गई थी। घर पर कोई नहीं था जब दोपहर करीब 03.25 बजे प्रार्थी की पत्नी वापस आई तो उसने देखा की घर का ताला खुला था एवं सामान बिखरा था। जब प्रार्थी ने चैक किया तो अलमारी में रखे सोने की टाप चार जोडी, सोने के झमकी तीन जोडी, सोने का लाकेट सोने की चैन चांदी की पायल चांदी की बिछिया, चांदी की ब्रेसलेट, सोने की अंगूठी, सोने का हार, सोने का बडा मंगलसूत्र, सोने के दो छोटे मंगलसूत्र, एक मोबाईल विवो कम्पनी का एवं घर में रखी, टाटा कम्पनी की टियागों कार घर में नहीं थी चोरी गए सोने चांदी के जेवरों की कीमत 300000/- तीन लाख रुपए एवं कार की कीमत 95000/- रु. थी। जो रिपोर्ट पर अपराध क्र. 569/25 धारा 305(ए), 331 (3) बी. एन. एस का कायम कर विवेचना में लिया गया था दौरान विवेचना के मुखचिर तंत्र एवं सायबर से प्राप्त पी. एस.टी.एन डाटा के आधार पर देहात पुलिस ने दिनांक 20.12.25 को सूचना के आधार पर देहात थाना प्रभारी गोविंद सिंह राजपूत द्वारा एक विशेष टीम गठित कर सौंसर तरफ रवाना किया गया जो उक्त टीम ने सौंसर के पास से क्रेटा कार में बैठे तीन व्यक्तियों शेख आरिफ पिता शेख साकिर मुसलमान उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड न. 17 नागपुर, राहुल पित हरिलाल मर्सकोले उम्र 24 वर्ष निवासी हेटी जिला बालाघाट, संदीप पिता खेमचंद टेमरे उम्र 26 वर्ष निवासी डूंडा सिवनी जिला सिवनी को अभिरक्षा में लेकर कडाई से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने घटना दिनांक 03.12.25 को दोपहर करीबन 12.00 बजे छिन्दवाडा की एस. आर. कालोनी के एक सूने घर से सोने चांदी के जेवरात एवं कार चोरी करना स्वीकार किए चोरी करने के बाद उक्त जेवरात को शेख आरिफ द्वारा अपने परिचित की एक महिला एवं उसके लडके के माध्यम से बेचने के लिए देना बताया गया पुलिस ने चोरी गई टाटा टियागो कार एवं घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार के अलावा आरोपियों एवं उक्त महिला पुष्पा पारवे निवासी यशोधरा नगर नागपुर एवं उसके लड़के मंगेश से पारवे से चोरी गए जेवरात बरामद किए हैं सभी आरोपियों को न्यायालय पेश किया जा रहा है। पुलिस द्वारा उक्त गिरोह के खिलाफ संगठित अपराध से संबंधित धारा 112,317(2) बी.एन.एस. का इजाफा किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

#### गिरफ्तार आरोपी

(1) शेख आरिफ पिता शेख साकिर मुसलमान उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड न. 17 नागपुर थाना पांचपावली (महाराष्ट्र) (2) राहुल पित हरिलाल मर्सकोले उम्र 24 वर्ष निवासी हेटी थाना तिरोडी जिला बालाघाट (3) संदीप पिता खेमचंद टेमरे उम्र 26 वर्ष निवासी डूंडा सिवनी थाना डूंडा सिवनी जिला सिवनी (4) पुष्पा पति दिलीप पारवे उम्र 50 साल निवासी यशोधरा नगर नागपुर थाना यशोधरा नगर जिला नागपुर (महाराष्ट्र) (5) मंगेश पिता दिलीप पारवे उम्र 29 साल निवासी यशोधरा नगर नागपुर थाना यशोधरा नगर जिला नागपुर (महाराष्ट्र) **जप्तशुदा मशरुकाः-** (1) क्रेटा कार क्र. **Mh3EU**7368 कीमती करीबन 700000/- रु, टाटा टियागो कार क्र. **MP**28**CA**5207 कीमती करीबन 100000/- (3) तीन सोने के पेंडल, एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोडे कान के झुमके बडे, एक जोडे कान झुमके छोटे, एक जोडे कान की बाली, एक सोने की चैन, एक सोने की हाथ की अंगूठी, चार नग सोने की गुरिया, एक जोड चांदी की पायल, चार नग बिछ्या, एक चांदी का हाथ का ब्रेसलेट जुमला कीमती 300000/-रु. कुल बरामद मशरुका की कीमत 1100000/- रु.

# चार फाटक रेलवे ओवर ब्रिज के दोनों ओर सिग्नल एवं हूटर की हुई सफल टेस्टिंग

### जल्द होगा लोकार्पण, ट्रैफिक जाम से मिलेगा निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पूर्व रेल सलाहकार समिति सदस्य एवं भाजपा छिंदवाड़ा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने जानकारी दी है कि चार फाटक रेलवे ओवर ब्रिज के दोनों ओर सिग्नल एवं हूटर की सफल टेस्टिंग कर ली गई है। अब जल्द ही इसका लोकार्पण किया जाएंगा। इस सिग्नल एवं हूटर की सुविधा शुरू होने से ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकेगा।

अंकुर शुक्ला ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा पिछली रेल सलाहकार समिति की बैठक में दिए गए सुझाव एवं रेलवे डीआरएम को दिए गए निर्देशों के फ्लस्वरुप चार फाटक रेलवे ओवरब्रिज के दोनों शुरुआती स्थान पर रेलवे सिग्नल एवं हूटर लगाये जाने के पश्चात आज इसकी सफल टेस्टिंग की गई। रेलवे सिग्नल एवं हूटर टेस्टिंग के दौरान रेलवे सिग्नल इंजीनियर श्री फरकारे, पार्षद बलराम साहू एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। विगत कई वर्षों से रेलवे ओवरब्रिज के दोनों ओर सिग्नल एवं हूटर लगाने की मांग क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा की जा रही थी। रेलवे सिग्नल एवं हुटर हेतु सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा नागपुर रेलवे डीआरएम को निर्देश दिए गए थे, साथ ही पूर्व रेल सलाहकार समिति सदस्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला द्वारा किए गए प्रयासों से रेलवे नगर निगम तथा ट्रैफिक विभाग के समन्वय मे आप रही समस्याओ का समाधान कर विभागों से विभिन्न अनुमतियों दिलवाने के पश्चात लंबे समय से प्रतीक्षारत चार फाटक रेल ओवर ब्रिज के दोनों ओर सिग्नल लगाकर आज रेलवे सिग्नल इंजीनियर वसंत फरकारे की उपस्थिति में सफल टेस्टिंग की गई।



इस सिग्नल के लगने के बाद चार फाटक ओवर ब्रिज के दोनों ओर ब्रिज के शुरुआत में ही पता चल जाएगा कि आगे रेल फाटक बंद है जिससे आने-जाने वाले वाहन, रेल फाटक की क्रॉसिंग हेतु ओवर ब्रिज का उपयोग करेंगे एवं रेलवे फाटक बार बार बंद होने पर रेल क्रॉसिंग के दोनों ओर लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम से बहुत हद टक निजात मिल पाएगी।

### सांसद ने दुःखी परिवारों से की मुलाकात

छिंदवाड़ा। हर किसी के सुख-दुःख में हर दम उनके साथ खड़े रहने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए दमुआ में दुर्घटना के दौरान मृत हुए 3 लोगों के प्रति अपना दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवारजनों को 10-10 हजार रूपये की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। इस दुर्घटना में मृत हुए दिनेश कहार,रवि मेहरा एवं संतोष कहार के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सांसद श्री साहू ने भगवान से प्रार्थना की है वे मृतजनों को अपने श्री चरणों स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करें। सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा शहर में शोकाकुल परिवारों से भी मुलाकात करते हुये उन्हें ढांढस बंधाते हुये मृत जनों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। सांसद श्री साहू ने गोलगंज में निर्लोप पाटनी, संजीव पाटनी व राजीव पाटनी के निवास स्थान पहुंचकर उनकी माताजी श्रीमती जतन देवी पाटनी के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। वही परासिया रोड स्थित पंचवटी वार्ड की निवासी श्रीमती ललिता देवी चौकसे के निवास में पहुंचकर उनके पति स्व. दीपचंद चौकसे के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर देवीलाल चौकसे, बलराम चौकसे व सालिकराम चौकसे उपस्थित थे। सांसद श्री साहू छोटा तालाब के सामने निवासरत मनोज, मनीष व पंकज के निवास स्थान पहुंचे जहां उन्होंने उनके पिता स्वर्गीय श्याम सुंदर बत्रा के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

### देवयानी शेंडे ने राष्ट्रीय हिमालया ओलंपियाड योगा प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

पांढुर्णा। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के पांढुर्णा 220 केवी सबस्टेशन में पदस्थ सहायक अभियंता संजय शेंडे की सुपुत्री कुमारी देवयानी शेंडे ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्युत परिवार, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय हिमालया ओलंपियाड योगा प्रतियोगिता में पांढुर्णा की स्कूली टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए छठवीं कक्षा की छात्रा देवयानी ने कठिन योगासनों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अपने अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश एवं जिले की टीम को तीसरा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रामशांति विद्या मंदिर, पांढुर्णा की छात्रा देवयानी का बचपन से ही योग के प्रति विशेष झुकाव रहा है। इससे पूर्व वह प्रदेश स्तर की विभिन्न विद्यालयीन योग प्रतियोगिताओं में भी कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर चुकी हैं।

# विजेता टीमों को आज सम्मानित करेंगे खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग

### सांसद खेल महोत्सव में जिले के हजारों खिलाड़ियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फीट इंडिया के माध्यम से जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। सांसद खेल महोत्सव का समापन 22 दिसंबर को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की प्रमुख उपस्थिति में पोला ग्राउंड छिन्दवाड़ा में सुबह 11 बजे से आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में किया जाएगा।

पोला ग्राउंड में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा हजारों खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की मौजूदगी में विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। विदित हो कि सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में 3 माह पूर्व से की गई तैयारी का परिणाम रहा कि दोनों जिलों के 3 लाख 50 हजार खिलाड़ियों ने 39 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के खिलाड़ियों के लिए यह दूसरा अवसर था कि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। पिछले वर्ष भी सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में दोनों जिलों में सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया था। जिसमें भी दोनों जिलों के हजारों खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में दोनों जिलों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ।

### केवल नोटिस तक नाममात्र की होती है कार्रवाई

# कृषि मंडी में किसानों की सुविधा पर व्यापारियों का कब्जा, अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

कृषि उपज मंडी चौरई में कृषि किसानों को सुविधाएँ न मिलना और व्यापारियों का कब्ज़ा एक बड़ी समस्या है, जिसमें दलालों का बोलबाला, तौल-बटाई में धांधली, भंडारण की कमी, सही दाम की जानकारी न होना, और परिवहन की समस्या शामिल हैं, जिससे किसान शोषण का शिकार होते हैं और उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है जबकि सरकार eNAM जैसे प्लेटफॉर्म के ज़रिए सुधार का प्रयास कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यापारी और मंडी प्रशासन की मिलीभगत से यह भ्रष्टाचार जारी है।



किसानों की सुविधा के लिए बने शेडों पर व्यापारीयों कब्जा किए हुए हैं, जिससे डाक के दौरान किसान परेशान होते हैं, इसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को भी है, लेकिन वह फिर भी मौन बने हुए हैं क्यों? मंडी में सभी शेड पर हैं और यह शेड किसानों की उपज रखने के लिए बनाए गए हैं, लेकिन इनपर व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है। ओपन और छत रहित के शेड में व्यापारी अनाज रखे हुए हैं। जबकि मंडी में आवक शुरू होने से किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े करने के लिए किसानों को पर्याप्त जगह नहीं मिलती है, जहाँ तहा व्यापारी का माल बगरा होना देखा जा सकता है इसकी जानकारी अधिकारियों को भी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। इस संबंध किसान नेता ने एसडीएम से पूर्व मे शिकायत की है, जिसपर एसडीएम ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। नियमानुसार किसान के शेड में व्यापारी उपज नहीं रख सकते हैं और यदि कोई व्यापारी उपज रखता है, तो अनुमति लेनी पड़ती है, जिसका किराया भी देना पड़ता है। इसके बाद भी व्यापारी बिना अनुमति के ही उपज रखकर अपना व्यापार करते हैं, जबकि सभी के लिए गोदाम दिए होते हुए भी और उसके आगे शेड मे माल रखा जा रहा है। मंडी प्रबंधन के अधिकारी सिर्फ व्यापारियों को नोटिस जारी करते हैं और इसके बाद भी उपज न हटाने पर कार्रवाई नहीं की जाती है। कई व्यापारी, तो हमेशा साल भर ही शेड में उपज रखे रहते हैं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** - 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण**- 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## दमुआ में एससी–एसटी सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की अनुभाग स्तरीय बैठक आयोजित

# जाति प्रमाण पत्र न बन पाने के कारण आ रही समस्याएंः एसडीओपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



दमुआ नगर सभाकक्ष में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत गठित अनुभाग स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार किया गया। बैठक में समिति के नवनियुक्त सदस्य मोहन पाल,आशीष ठाकुर, गुरुचरण खरे,एसडीओपी सुनील बरकड़े, तहसीलदार संजय मसराम,नपा अध्यक्ष किरण खातरकर, सीएमओ अजय ठाकरे,दमुआ टीआई प्रमोद सिरसाम, गोंडवाना अध्यक्ष अशोक मर्सकोले,कांग्रेस नेता विनोद निरापुरे, राजेश नागले,सहित भाजपा, कांग्रेस, गोंडवाना एवं संगठनों के प्रतिनिधियों और पत्रकारों ने भाग लिया।बैठक में विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को आ रही समस्याओं को लेकर अहम चर्चा की गई। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा आदिवासी समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र समय पर न बन पाना रहा, जिसके कारण कई मामले लंबे समय से लंबित हैं।बैठक में एसडीओपी सुनील बरकड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि जाति प्रमाण पत्र न बन पाने के कारण अनेक शासकीय योजनाओं, कानूनी प्रक्रियाओं एवं प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है, जिससे पीड़ित वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वहीं गुरु चरण खरे, पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति आयोग ने जाति प्रमाण पत्र निर्माण प्रक्रिया में आ रही रिकॉर्ड एवं दस्तावेज़ों से संबंधित समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए एक समिति का गठन किया गया है, लेकिन कई स्थानों पर अधिकारी समिति के माध्यम से परीक्षण न कर मनमाने ढंग से प्रमाण पत्र रोके हुए हैं, जिससे वास्तविक पात्र लोगों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है।

## ऊर्जा की बचत पर निबंध लिखकर पुरस्कृत हुए छात्र

**छिंदवाड़ा।** स्वस्थ जीवनशैली के साथ आम जनो मे पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल के सहयोग से कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा लाईफ स्टाईल फार इनवायरमेंट की विषय वस्तु पर निबंध लेखन एवं संवाद कार्यक्रम शा हा से स्कूल चंदनगांव छिंदवाड़ा मे किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम मे उपस्थित समाजसेवी योगेश बोपटे ने छात्रो को सम्बोधित करते हुये कहा की मिशन लाईफ की कल्पना को साकार करने के लिए हर छात्रों को संवहनीय जीवन शैली जीने की द्रष्टि से शुरुआत की गई, जो पृथ्वी के ग्रह के अनुरूप है ओर इसे नुकसान नही पहुंचाती है , जिसका ध्यान हमे रखना होगा । कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के संयोजक श्यामल राव ने कहा की छात्रो के द्वारा निबंध लेखन मे ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत पर जो विचार लिखे गये हे जिससे की छात्रो की जीवन शैली मे बदलाव अवश्य आयेगा जो मिशन लाईफ के लिए कारगार सिद्ध होगी वही छात्र ऊर्जा की बचत के लिए अपने घरो पर लगे विधुत उपकरणों का उपयोग अनावश्यक ना करते हुये आवश्यकता अनुसार ही करे ताकि बिजली की बचत हो सके । प्राचार्य शैली यादव ने कहा की प्राकृति के साथ सामांजस्य स्थापित करने के लिये हमे ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों मे अपने घरो मे सोलर पैनल लगाकर पर्यावरण प्रदूषण मे कमी लाने पहल करे । ओर हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र और जीवन शैली के खतरे से भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित करने का संदेश दे । एम एस डब्ल्यू की छात्रा रत्न माला झरवड़े ने छात्रों को सम्बोधित करते हुये कही की पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने के लिए प्रथ्वी मे पाई जाने वाली जैवविविधता का संरक्षण करना बहुत आवश्यक हे ।



## सीबीएसई के नए मूल्यांकन पैटर्न पर प्रशिक्षण



**पांढुर्ना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा लागू की जा ही दक्षता आधारित शिक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से यहां रामशांति विद्यामंदिर में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें रिसोर्स पर्सन अनिल कुमार अहिरवार एवं रविंद्र झाडे ने शिक्षकों को सीबीएसई के नवीन मूल्यांकन दिशा निर्देशों की जानकारी दी। प्रशिक्षकण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप दक्षता आधारित प्रश्न निर्माण, केस आधारित, स्त्रोत आधारित एवं अनुप्रयोगात्मक प्रश्नों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को प्रश्नपत्र निर्माण, ब्लूप्रिंट, लर्निंग आउटकम तथा विद्यार्थियों में 21 वी सदी के कौशल विकसति करने के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें समूह चर्चा और कार्यशालाओं के माध्यम से शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रकार के प्रशिक्षण से शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया अधिक प्रभावी हागी तथा विद्यार्थियों में तार्किक, विश्लेषणात्मक एवं व्यवहारिक सोच का विकास संभव हो पाएगा। प्रशिक्षण समापन पर को ऑर्डिनेटर प्रतिभा देवहारे द्वारा प्रशिक्षकों का आभार प्रदर्शन किया गया।

## विश्व ध्यान दिवस पर पुलिस लाईन और सभी थानों में हुआ ध्यान सत्र



**पांढुर्ना।** जिले के समस्त थानों में साप्ताहिक हार्टफुलनेस ध्यानसत्र का शुभारंभ पुलिस मुख्यालय एव हार्ट फुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाईन पांढुर्ना और जिले के समस्त थानों में आयोजित हुआ। यह ध्यानसत्र एसपी सुंदर सिंह कनेश एवं एएसपी नीरज सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह ध्यानसत्र पुलिस जवानों को तनावमुक्त करने, मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने, कार्यक्षमता बढाने के उर्द्देश्य से विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि 21 दिसंबर को विश्वभर में विश्व ध्यान दिवस मनाया जाता है, जो मानव जीवन में मानसिक शांति, आत्म जागरूकता और ध्यान की प्राचीन परंपराओं को सम्मानित करता है। यह दिन न केवल ध्यान के लाभों को उजागर करता है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान केंद्रित करना है। पांढुर्ना पुलिस ने विश्व ध्यान दिवस 2025 के अवसर पर अपने सभी थानों में साप्ताहिक ध्यान की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और समग्र कल्याण को सुदृढ करना है। इस ध्यानसत्र में एएसपी नीरज सोनी, एसडीओ बृजेश कुमार भार्गव, थानाप्रभारी अजय मरकाम, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी संध्यारानी सक्सेना, यातायात प्रभारी आकांक्षा सहारे, एएसआय सतानंद भारद्वाज तथा पुलिस स्टाफ शामिल रहा।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग की बैठक सुकरी हनुमान मंदिर में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला परासिया की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जुन्नारदेव नगर के प्राचीन सुकरी स्थित श्री हनुमान मंदिर में किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी ने मंचाशीन विभाग मंत्री ऋषिराज वैश्य, जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह भामरा, विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी, जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी, जिला संयोजक राधेश्याम यदुवंशी का स्वागत किया।

बैठक मे जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी ने दिनांक 15 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक धर्मरक्षा निधी संकलन अभियान चलाया जाने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। विभाग मंत्री ऋषिराज वैश्य ने राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल नीरज दोनेरिया के छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान दिनांक 28/12/2025 को शौर्य यात्रा मे सम्मिलित होने की जानकारी दी एवं शौर्य यात्रा मे बजरंग दल कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या मे उपस्थिति देने की अपील की। विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी ने शौर्य यात्रा मे ग्रामीण, नगरीय एवं जिला कार्यकर्ताओं के एकत्रीकरण संबंधित कार्ययोजना से अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश वर्मा, जिला सहमंत्री प्रकाश विश्वकर्मा, गौरक्षा प्रमुख गजानंद यदुवंशी, जिला विद्यार्थी प्रमुख संदेश यदुवंशी, जिला सहसंयोजक अक्षय सिंह सेंगर, जिला सह संयोजक गगन साहू, नगर संयोजक आयुष साहू न्यूटन, सतीश वर्मा प्रखंड गौरक्षा प्रमुख, प्रखंड मंत्री नितिन नागेश, बलराम यदुवंशी, राज कैथवास, गोलू चौकसे, राहुल आम्रवंशी, श्रीकांत रगड़े , सौरभ नागवंशी, सतीश वर्मा, मनेश पटेल, अभिषेक यदुवंशी, अखलेश विश्वकर्मा, आयनेश चौकसे, अंकुर सोनी, अमन हनवेती, नंदकिशोर यदुवंशी, बाला यदुवंशी, आशीष यदुवंशी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन में ज्ञानेश्वर (सूरज) विश्वकर्मा को राष्ट्रीय सहसचिव की जिम्मेदारी

**जुन्नारदेव।** श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन में नई ऊर्जा का संचार करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने जुन्नारदेव छिंदवाड़ा निवासी ज्ञानेश्वर (सूरज) विश्वकर्मा को राष्ट्रीय सहसचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के माध्यम से प्रदेश कार्यालय गंजबासौदा से राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री रामराज विश्वकर्मा द्वारा की गई। ज्ञानेश्वर (सूरज) विश्वकर्मा के राष्ट्रीय सहसचिव बनाए जाने से संगठन की गतिविधियों में न सिर्फ विस्तार होगा, बल्कि देशभर के विश्वकर्मा समाज के बीच एकता, समन्वय और संगठनात्मक मजबूती को भी नई दिशा मिलेगी।संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि ज्ञानेश्वर सूरज विश्वकर्मा अपने नए पद पर पूर्ण निष्ठा, समर्पण और दक्षता के साथ कार्य करते हुए संपूर्ण भारत के विश्वकर्मा बंधुओं को एक माला में पिरोकर संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।

## वार्ड 11 एवं 9 में निर्माण कार्य प्रारंभ, पेवर ब्लॉक चेक्स एवं नाली निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं9 में वार्डवासियों को सुविधा प्रदान करने हेतु लगभग चार लाख की लागत से पेवर ब्लॉक चेक्स लगाने का कार्य प्रगति पर है। साथ ही इसी वार्ड भी ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करने पहुंचे वार्ड पहुंचे। यहां पर उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति को देखकर कार्य की गुणवत्ता को नजरअंदाज नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस मौके पर ठेकेदार को कहा कि वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य कि गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही वार्ड वासियों की सुविधा का विषय ध्यान रखने संबंधी बात भी उनके द्वारा कही गई। नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 9में पेवर ब्लॉक की यह समस्या वर्षों से लंबित थी। अब इस प्रकार के निर्माण कार्य के प्रारंभ होने से विकास को गति मिल जाने से वार्ड वासियों में हर्ष व्याप्त है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु परिषद के अध्यक्ष रमेश सालोंडे ने उक्त समस्या का निराकरण कर वर्षों पुरानी मांग की पूर्ति होने पर वार्ड वासियों ने प्रसन्नता जाहिर की वार्ड पार्षद अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद सभापति अमित यादव नगर पालिका परिषद के पार्षद पूर्व सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी भाजपा नगर मंडल के मंत्री पार्षद प्रमोद बंदेवार ने वार्ड के निर्माण का निरीक्षण कर वार्ड वासियों के अनुरूप निर्माण की बात कही निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता अशोक सोनी बादल मालवीय राहुल यादव मुकेश वंडेवार पंकज बंडेवार सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## कभी पद या प्रतिष्ठा को लक्ष्य नहीं बनाया-मिश्रा

**मण्डला।** राजनीति में ऊंचाईयां यूं ही नहीं मिलतीं इसके लिए वर्षों का संघर्ष, निष्ठा और सेवा भाव चाहिए और इसी सच्चाई को साकार किया है भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरा जिला उनके संघर्षपूर्ण और प्रेरक सफर को याद कर रहा है। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले प्रफुल्ल मिश्रा ने कभी पद या प्रतिष्ठा को लक्ष्य नहीं बनाया बल्कि संगठन और समाज की सेवा को ही अपना धर्म माना। वर्ष 1986 से राजनीति में सक्रिय रहते हुए उन्होंने पार्टी के हर आंदोलन हर कार्यक्रम और हर जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाया। शुरू से ही उनकी पहचान सहज सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में रही है। कार्यकर्ता हो या आम नागरिक हर किसी की समस्या को अपनी समस्या मानकर समाधान की कोशिश करना उनके स्वभाव में रहा है। यही कारण है कि वे आज भी जमीन से जुड़े हुए नेता माने जाते हैं। आज जब वे भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं तो यह पद नहीं बल्कि वर्षों की मेहनत त्याग और विश्वास की पहचान है। उनके जन्मदिन पर मिल रही बधाइयां और शुभकामनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि उन्होंने दिलों में जगह बनाई है। जन्मदिन के इस पावन अवसर पर उनके मित्र सहयोगी सभी उनके स्वस्थ, दीर्घ और ऊर्जावान जीवन की कामना कर रहे हैं। जन्म दिन के उपलक्ष्य में आज दोपहर 12 बजे हिरदेनगर स्थित मॉ छपरावाली माता के मंदिर में पूजन अर्चन किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत दावा-आपत्ति 29 दिसंबर तक आमंत्रित

**मण्डला।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक 2.0 अंतर्गत भूमिहीन आवेदकों को मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति अधिनियम 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पटटे के लिए आवेदकों की गठित दल द्वारा जांच की गई। जांच में 2 आवेदक पटटा के लिए पात्र एवं 44 आवेदक पटटा के लिए अपात्र पाये गये हैं।

## सड़क, घाट, पुलिया निर्माण पर लग रहे विभिन्न आरोप

# पर्यटन के नाम पर करोड़ों की होली






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुरातत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है हमारा जिला इसके साथ ही इस जिले की ऐतिहासिक विरासत भी इसे पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाती है जिले में पर्यटन को लेकर विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं और पहले भी हो चुके हैं इन निर्माण कार्यों में कितनी राशि खर्च हुई तथा उस राशि का सदुपयोग हुआ या फिर पर्यटन के नाम पर सिर्फ लीपापोती करके ही राशि हजम कर ली गई एक तो पर्यटन को लेकर जिले में कहाँ-कहाँ कौन से निर्माण कार्य चल रहे हैं इसे सार्वजनिक नहीं किया जाता निर्माण कार्य की राशि एवं निर्माण अवधि भी नहीं बताई जाती और तो और निर्माण एजेंसी भी कौन है यह भी ज्ञात नहीं होता अब जानकारी यदि ले भी तो किससे क्या लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए सूचना के अधिकार ही एकमात्र जरिया रह जाता है उसमें भी संबंधित अधिकारी जिस तरह से समय गंवाते हैं वह जग जाहिर है और यदि जानकारी नहीं देनी है तो नहीं देना फिर आप भले ही ऊपर तक शिकायत करते रहो समय इतना बीत जाता है कि निर्माण कार्य की खामियां दब कर रह जाती हैं।

रामनगर पर्यटन के दृष्टिकोण से जिले में महत्वपूर्ण स्थान रखता है प्रतिवर्ष यहां आदि उत्सव का आयोजन होता है जिसमें कभी प्रधानमंत्री तो कभी उपराष्ट्रपति भी शामिल होते रहे हैं विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी इस उत्सव में शामिल होते हैं और गौंड़ राजाओं की राजधानी कहे जाने वाले रामनगर में पर्यटन को बढ़ावा देने विभिन्न कार्य किए गए एक ओर तो मोती महल को बेहतर किया गया राय भगत की कोठी को संवारा गया आसपास के अन्य ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने का कार्य किया गया यह सभी कार्य स्वागत योग है लेकिन प्रश्न यह उठता है क्या इन कार्यों को और भी बेहतर तरीके से अंजाम दिया जा सकता था इन कार्यों में जो भारी भरकम राशि खर्च हुई क्या उससे कम में भी यह काम कराये जा सकते थे और तकनीकी रूप से जो गुणवत्ताहीन कार्य हुए हैं क्या उनकी कभी जांच की गई दोषियों पर कभी कोई कार्यवाही की गई ऐसा कोई उदाहरण नजर नहीं आता यही कारण है कि मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग मनमाने तरीके से यहां निर्माण कार्य कर रहा है।

अब हाल ही में दल बादल महल तक जाने के लिए मुख्य मार्ग से एक रास्ते का निर्माण किया गया है उस रास्ते में पुलिया भी बनाई गई है इन सब की अनुमानित लागत लगभग 28 से 30 लाख बताई जा रही है काम इतना बेहतर हुआ है कि आप भी देखकर हैरान रह जाएंगे एक साधारण सा आदमी भी इससे अच्छी सड़क बनवा सकता था आसपास की मिट्टी को खोदकर उस पर डस्ट डाल दी गई है और काम पूरा हो गया बताया जा रहा है एक और आश्चर्यजनक बात यह है कि इस सड़क के बीचों बीच एक विद्युत पोल खड़ा है अब यदि सड़क चार पहिया वाहनों के जाने के लिए बनी है तो फिर बिजली के खंबे के होते हुए कैसे कोई चार पहिया वाहन आगे जा सकता है क्या सड़क निर्माण के दौरान इसे नहीं देखा गया और देखा गया था तो इसे कहीं और शिफ्ट करने की कोशिश क्यों नहीं की गई या फिर सड़क ही इससे हटकर क्यों नहीं बनाई गई इस तरह के निर्माण को लेकर क्या कोई कभी जांच भी होती है या यूं ही मामला चलता रहेगा।

मोती महल में पहले से ही पर्यटन विभाग द्वारा एक शौचालय बनाया गया है एक सुलभ घर पंचायत द्वारा निर्माण किया गया है अब पुनः पर्यटन विभाग द्वारा एक शौचालय निर्माण का कार्य यहां पर कराया जा रहा है जो की किले परिसर में ही होगा ऐसा कहा जा रहा है जबकि एक ओर तो यह संरक्षित क्षेत्र है यहां तो किसी तरह का गड्ढा भी करना प्रतिबंधित है तो फिर बार-बार शौचालय निर्माण क्यों और किस लिये पर्यटन विभाग बना रहा है स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर रोष भी देखा जा रहा है।



## एक हजार परिक्रमावासियों के साथ मण्डला पहुंचे आचार्य श्री कौशिक जी महाराज



* मण्डला की एतेहासिक विरासत की दी गई जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

परमपूज्य संत आचार्य श्री कौशिक जी महाराज का नर्मदा परिक्रमा के दौरान लगभग एक हजार परिक्रमावासियों के साथ आज मण्डला आगमन हुआ। अमरकंटक से चलकर कौशिक जी महाराज शनिवार की देर रात तुलसी तपोवन गौशाला सुरंगदेवरी पहुंचे जहां पर जहां पर भक्तों द्वारा नर्मदे हर जीवन भर तथा जय श्री राधे के जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया। रविवार की सुबह गौशाला में सुंदरकाण्ड, भगवान शंकर का अभिषेक तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही पुण्य सलिला माँ नर्मदा की पूजन की गई। इसके पश्चात उन्होंने परिक्रमावासियों के साथ सूर्यकाण्ड धाम में दर्शन एवं पूजन किया।

प्रवचन के दौरान आचार्य श्री कौशिक जी महाराज ने माहिष्मती नगरी, सूर्यकुण्ड, ऋणमुक्तेश्वर कुण्ड, व्यासनारायण तथा सहस्त्र धारा के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुये भक्तों से नर्मदा के जल तथा तट को स्वच्छ रखने का आव्हान किया। परिक्रमावासियों का काफिला रविवार की दोपहर पिपरिया के लिये रवाना हुआ। आचार्य श्री कौशिक जी महाराज ने 4 दिसम्बर को लगभग एक हजार भक्तों के साथ ओमकारेश्वर से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ की है जो 24 दिसम्बर को सम्पन्न होगी।



**खबर संक्षेप**

## सिवनी के बेटे को मिला प्रांत की छात्र शक्ति का नेतृत्व, सुव्रत बाझल प्रांत मंत्री निर्वाचित



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत के सत्र 2025 26 हेतु प्रांत अध्यक्ष डॉ .सुनील पांडेय (रीवा) एवं श्री सुव्रत बाझल(सिवनी) को महाकोशल प्रांत का प्रांत मंत्री निर्वाचित किया गया है। यह घोषणा संगठन की परंपरागत प्रक्रिया के अंतर्गत प्रांत अधिवेशन से पूर्व की गई है। उल्लेखनीय है की सुव्रत बाझल जिले के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार बाझल के पुत्र एवं जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष स्व सनत कुमार बाझल के पौत्र हैं। इंदौर से बीएएलएलबी की शिक्षा ग्रहण करने के बाद सुव्रत बाझल विद्यार्थी परिषद के पूर्णकालीक कार्यकर्ता के नाते कार्य कर रहे हैं पूर्व में नगर सह मंत्री ,नगर विस्तारक ,जिला संगठन मंत्री प्रांत छात्र शक्ति कार्य संयोजक सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में प्रांत के सह मंत्री के दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं।

# पेंच टाइगर रिज़र्व, मध्य प्रदेश से रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व, राजस्थान में एक बाघिन का सफल स्थानांतरण

**पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी (मध्य प्रदेश) को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि लगभग 3 वर्ष आयु की एक बाघिन का रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व में सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया गया है। यह स्थानांतरण भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित रूप से संपन्न हुआ।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यह स्थानांतरण अभियान विगत एक माह से सुव्यवस्थित योजना एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के तहत संचालित किया जा रहा था। पेंच टाइगर रिज़र्व प्रबंधन द्वारा उपयुक्त बाघिन की पहचान कर उसे उन्नत एआई आधारित कैमरा ट्रैप एवं मोशन सेंसर कैमरों के माध्यम से निरंतर ट्रैक एवं मॉनिटर किया गया। इस उद्देश्य से क्षेत्र में लगभग 50 कैमरे स्थापित किए गए थे।

अभियान का समन्वय राजस्थान वन विभाग के साथ निकट सहयोग में किया गया। श्री सुगनाराम जाट, मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान तथा डॉ. तेजिंदर, पशु चिकित्सक, विगत एक माह से इस अभियान का समन्वय कर रहे थे एवं पिछले 8 दिनों से पेंच टाइगर रिज़र्व में उपस्थित रहकर अभियान की सतत निगरानी कर रहे थे।

यह स्थानांतरण कार्य फील्ड डायरेक्टर श्री देवप्रसाद जे. के सहयोग एवं उप संचालक श्री रजनीश कुमार सिंह, पेंच टाइगर रिज़र्व के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

बाघिन का निश्चेतन डॉ. अखिलेश मिश्रा एवं डॉ. प्रशांत द्वारा वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन ट्रस्ट की टीम के साथ तथा डॉ. काजल एवं डॉ. अमोल (वेटरनरी कॉलेज, जबलपुर एवं फील्ड बायोलॉजिस्ट श्री अनिमेष चव्हाण के सहयोग से किया गया।

पेंच टाइगर रिजर्व सेरामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व स्थानांतरण के दौरान पेंच टाइगर रिज़र्व से मिशन लीडर सहायक संचालक सुश्री गुरलीन कौर (आईएफएस), वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ. प्रशांत देशमुख (वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन ट्रस्ट) तथा रेंज अधिकारी श्री लोकेश कुमार चौधरी, पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी—राजस्थान के अधिकारियों की टीम के साथ एमआई-17 हेलीकॉप्टर द्वारा बाघिन के सुरक्षित स्थानांतरण हेतु गए, जिससे अंतर-राज्यीय समन्वय एवं संचालन की प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सकी।

इस अभियान की सफलता में पेंच टाइगर रिज़र्व के कुरई एवं रुखड़ रेंज के मैदानी अमले का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा। संबंधित कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक, दिन में दो बार कैमरा ट्रैप की जांच, नियमित गश्त तथा चिन्हित बाघिन की गतिविधियों के संकेतों की सतत खोज कर अथक प्रयास किए गए।

यह सफल स्थानांतरण अंतर-राज्यीय समन्वय, भारतीय वायुसेना के सहयोग तथा वैज्ञानिक वन्यजीव प्रबंधन के माध्यम से बाघ संरक्षण को सुदृढ़ करने और विभिन्न टाइगर लैंडस्केप में आनुवंशिक विविधता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# कुरई ब्लॉक के करजमारा फतेपुर में देर रात ग्रामीण के कच्चे मकान में घुसा तेंदुआ

## वन विभाग ने पिंजरे में पकड़कर जंगल में छोड़ा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के कुरई ब्लॉक अंतर्गत करजमारा फतेपुर ग्राम में देर रात एक तेंदुआ ग्रामीण के कच्चे मकान के अंदर घुस गया। अचानक तेंदुए की मौजूदगी से परिवार और आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए। इस बात की जानकारी लोगो ने वन अमले को दी। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए मकान के मुख्य द्वार के पास पिंजरा लगाया। आज सुबह तेंदुआ खुद ही पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग द्वारा सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम करते हुए तेंदुए को सुरक्षित जंगल क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात के समय अकेले बाहर न निकलने की अपील की है।



# छपारा बस स्टैंड पर 12 साल से सुलभ शौचालय का इंतजार

## महिला अधिकारियों के राज में भी महिलाओं को शर्मिंदगी



**छपारा।** सिवनी जिले की नगर परिषद छपारा में विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच एक कड़वी सच्चाई मुंह बाए खड़ी है। विडंबना यह है कि जिस नगर की कमान पूरी तरह से 'महिला शक्ति' के हाथों में है, वहां की महिलाएं ही बस स्टैंड पर एक अदद सुलभ शौचालय के लिए तरस रही हैं।जिम्मेदार पदों पर महिलाएं, फिर भी सुध नहींवर्तमान में नगर परिषद छपारा में अध्यक्ष (श्रीमती निशा सुरेश पटेल), सीएमओ (श्रीमती गीता बाल्मिक), क्षेत्रीय पार्षद (श्रीमती सोनल श्रीवात्री) और सिवनी जिला कलेक्टर (श्रीमती शीतला पटले) सभी महिला हैं। इसके बावजूद, नगर के मुख्य बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए मूलभूत सुविधा यानी शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है।12 सालों से सिर्फ आश्वासननगरवासी और व्यापारी पिछले 12 वर्षों (वर्ष 2014) से लगातार सुलभ प्रसाधन केंद्र की मांग कर रहे हैं। ग्राम पंचायत से नगर परिषद बनने के साढ़े तीन साल बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों है। करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो रहे हैं, लेकिन इस जरूरी समस्या पर जिम्मेदार अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं।यात्रियों और महिलाओं को भारी परेशानीप्रतिदिन बस स्टैंड पर सैकड़ों की संख्या में यात्री और निजी वाहनों से लोग पहुंचते हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं की होती है, जो प्रसाधन सुविधा न होने के कारण इधर-उधर भटकने को मजबूर होती हैं और उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है।मर्यादा परिसर की मांगनगर के व्यापारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि महिलाओं की गरिमा को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड परिसर में जल्द से जल्द एक 'मर्यादा परिसर' (सुलभ शौचालय) स्थापित किया जाए।

## केवलारी रेलवे स्टेशन में प्रारम्भ हुये विभिन्न विकास कार्य

# केवलारी रेलवे स्टेशन को मिलेगा नया रूप, नई पहचान

## रेलवे ने मानी केवलारी जागरूक नागरिक मंच की जनहितैषी माँगे

**केवलारी**,नगर के सामाजिक कार्यों एवं जनहितैषी कार्यों में लगे केवलारी जागरूक नागरिक मंच की मांगें रेलवे ने स्वीकार कर प्रारम्भ किये गए विकास कार्य जिसकी बानगी केवलारी रेलवे स्टेशन में दिखने लगी हैं।केवलारी जागरूक नागरिक मंच के द्वारा लगातार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता को केवलारी रेलवे स्टेशन की जनहित में मांगों को लेकर पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन के नैनपुर से इंदौर चालू होने के शुभारंभ के अवसर पर नगर के केवलारी जागरूक नागरिक मंच के सुधीर पाण्डे सांसद प्रतिनिधि, हाजी रफीक खान वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी एडवोकेट पवन यादव के द्वारा पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ के अवसर पर नैनपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर, आदिवासी बहुल केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय केवलारी स्टेशन में विभिन्न रेलवे सुविधाओं से जुड़े हुए जनहितैशी माँगो को लेकर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता के समक्ष विभिन्न माँगो का ज्ञापन दिया गया था। इन माँगो में प्रमुख रूप से केवलारी रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज के साथ ही पलारी,घंसौर, ग्वारीघाट रेलवे स्टेशनों में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के 2 मिनिट के स्टापेज, केवलारी स्टेशन में रेलवे रिजर्वेशन की सुविधा ,प्लेटफार्म की लंबाई एवं ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में ,रेलवे स्टेशन में बड़ी पानी टंकी के निर्माण, रेलवे रेक पॉइंट की लंबाई बढ़ाने एवं गरीब मजदूरों के लिए धूप गर्मी ठंड से बचाव हेतु विश्रामगृह एवं माल गोदाम सहित अन्य मांगे रखी गई थी जिस पर रेलवे विभाग के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा इन जनहित की माँगो ,कार्यों को लेकर गंभीरता दिखाते हुए रेलवे रिजर्वेशन खिड़की केवलारी स्टेशन में प्रारंभ किया गया।साथ ही रेलवे रेक पॉइंट की लंबाई बढ़ाने का,पानी टंकी का निर्माण कार्य ,मालगोदाम, विश्रामालय के कार्यों के टेंडर बुलाकर सारे कार्य स्वीकृत करते हुए निर्माण कार्य केवलारी रेलवे स्टेशन में बड़ी तेजी से प्रारम्भ कर दिया गया हैं। जिसकी बानगी यहां तेजी से चल रहे निर्माण कायों में देखी जा रही है।साथ ही प्लेटफार्म की लंबाई और ऊँचाई बढ़ाने के दिशा में रेलवे ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है। केवलारी क्षेत्र के नगरवासी, क्षेत्रवासी, ग्रामीण अंचलों के लोग 70 साल से जिन रेल सुविधाओं के लिए तरस रहे थे अब वह सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनों साकार करने में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ ही सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते,डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता के प्रयासों से ग्रामीण अंचल में रेल सुविधाओं के विकास कार्यों को लेकर आम जनता में खुशी की लहर देखी जा सकती है।

इसके साथ ही केवलारी जागरुक मंच के सुधीर पाण्डे,रमाशंकर महोबिया,रफीक खान,राकेश आत्मपूज्य,मनीष जैन, राजू मेहरा,पवन यादव,बबलू खान, स्वपनिल उपाध्याय, प्रवीण दुबे,अशोक वंदेवार , नीलेश अवधिया, महेंद्र यादव , पवन बघेल मलारा, धरमचंद जैन,ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता से कुछ और माँगो के अंतर्गत रीवा इतवारी ट्रेन का केवलारी में 2 मिनट का स्टॉपेज के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण राजस्व आय देने वाले स्टेशन पलारी केवलारी घंसौर और ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज की अपनी मांग को फिर से दोहराया है इस और डीआरएम विशेष ध्यान देते हुए इन क्षेत्र वासियों की बहु प्रतीक्षित मांग को शीघ्र पूर्ण करने की अपील की है।



# चलते ट्रक में शार्ट सर्किट से लगी आग

## नागपुर से हरी मिर्च भरकर दिल्ली जा रहा था ट्रक



**छपारा** – नगर से लगभग दस किलोमीटर दूर एनएच 44 फोरलेन सडक़ के ग्राम गणेशगंज के पास एक ढाबा के समीप एक ट्रक पर शार्ट सर्किट के कारण अचानक ट्रक के केबीन वाले हिस्से में आग भडक़ उठी वहीं ट्रक ड्राइवर ने सजगता दिखाई और छपारा पुलिस थाना में उक्त मामले की सूचना दी जिसके बाद छपारा पुलिस द्वारा तत्काल नगर परिषद छपारा के अग्निशमन वाहन चालक को सूचित किया गया जिसपर समय पर ट्रक में लगी आग पर काबू पा लिया गया और ट्रक को होने वाली क्षति से बचा लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार विगत 19 दिसम्बर को देर रात्रि लगभग 3.30 बजे नागपुर से हरी मिर्च भरकर दिल्ली ले जा रहा ट्रक क्रमांक आरजेसी-11 जेसी 1302 में छपारा से लखनादौन के बीच एन एच 44 फोरलेन सडक़ के ग्राम गणेशगंज के पास अचानक ट्रक के केबीन वाले हिस्से में आग की लपटे उठते हुए देख ट्रक ड्राइवर तारीख खान ने ट्रक को सडक़ किनारे गुप्ता ढाबा पर खड़े किया और तत्काल समीपस्थ पुलिस थाना छपारा में सूचित किया वहीं दूसरी ओर ट्रक ड्राइवर तारीख खान ने ट्रक में लोड की हुई हरी मिर्च के बोरों को बाहर निकालते हुए ट्रक को खाली करते हुए मौके पर उपस्थित जनों की मदद से ट्रक में भडक़ी आग पर पानी डालकर और ज्यादा फैलने से रोका गया वहीं कुछ मिनटों में छपारा नगर परिषद छपारा का अग्निशमन वाहन चालक रविन्द्र पटेल ने पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।समय पर ट्रक में लगी आग से बचाव किए जाने पर ट्रक ड्राइवर ने अग्निशमन चालक पटेल एवं पुलिस थाना छपारा की सतर्कता का आभार जताया।



## पंकज ठाकुर हत्याकांड में एसआईटी जांच की मांग, एसपी को सौंपा गया ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज के फैशन चौक महाराज बाग निवासी पंकज ठाकुर की कथित पूर्व नियोजित हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। शुक्रवार को समस्त राजपूत (क्षत्रिय) समाज, सिवनी द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए उच्च स्तरीय जांच एवं एसआईटी टीम गठित करने की मांग की गई।ज्ञापन में समाज ने आरोप लगाया कि पंकज ठाकुर हत्याकांड में पुलिस द्वारा गंभीर लापरवाही बरती गई है, जिससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाज का कहना है कि अब तक की गई कार्रवाई न्यायप्रिय नहीं लग रही, जिससे आमजन का विश्वास डगमगा रहा है।

# मिनी स्टेडियम बनेगा फिल्टर ग्राउंड

## पार्षद सहित खेल प्रेमियों ने किया आभार व्यक्त

शहर का फिल्टर ग्राउंड अब मिनी स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा। जिसके लिए राशि स्वीकृत हो गई। बहु प्रशिक्षित इस मांग को विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शासन स्तर पर स्वीकृति प्राप्त कर ली है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

किदवई वार्ड के पार्षद चंदन सिंह खताविया ने बताया कि वार्ड एवं शहर के खेल प्रेमियों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन से फिलटर ग्राऊंड पर मिनी स्टेडियम की मांग रखी गई थी ।जो विधायक ने पूरी कर दी । किदवई वार्ड (पार्षद) समस्त वार्ड वासियो एवं खेल प्रेमियों की ओर से विधायक का आभार माना गया। श्री खाताबिया ने कहा कि जब भी मैने विधायक से वार्ड विकास के लिए जो भी मांग की वो विधायक ने बगैर भेद भाव के पूर्ण की। चाहे रेवती नगर मंदिर के निर्माण की राशि हो या छात्रा वास ,उन्नन हाईस्कूल ,गंगा नगर स्कूल, हो चाहे मिनी स्टेडियम सभी कामो के लिए श्री राय ने राशि दी। पार्षद चंदन सिंह खताबिया एवं खेल प्रेमी

पवन मेंहदीदत्ता, कमल माना ठाकुर, संदेश तिवहन, सुशील ठाकुर, नीरू निर्मलकर,अभिनेश शुक्ला, सतीश चिंटोले, हिटलर, गन्नू माना ठाकुर, अप्पू बघेल, रोहित ,अनील कस्यप, अंकुश, मनीष सोनी ,मोनू ठाकुर, मोंटू ठाकुर, कन्हैया, राज मर्सकोले, संदीप माना ठाकुर, अरशद हुसैन, संकू माना, देवदत्त माना ठाकुर, रिंकू, कुलदी परमार,दानू, शिव सौलंकी, नवीन विश्वकर्मा, रवि, नितिन बेदी,बसंत बघेल, कुलदीप, तन्नू श्रीवास, जित्तु शुक्ला, अजय ठाकुर, रोहित, मोनू, शैलेंद्र, सुजल, अजय सुनील सनोडिया, सनोडिया, नरेंद्र, शमी, आसू माना, निलेश,गोविंद डहेरिया, नरेन्द्र ठाकुर एवं लोकेश ने मिनी स्टेडियम के लिए आभार व्यक्त किया है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बीजारोपण महोत्सव में किया सहभागिता

**विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना आज के समय की सबसे बड़ी मांग-दिनेश राय मुनमुन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बीजारोपण महोत्सव कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे सहभागिता किया। आज प्रातः 12 बजे से लखनकुंवर की लखनादौन नगर के शासकीय हाई स्कूल मैदान पर कदम संस्था लखनादौन द्वारा आयोजित बीजारोपण महोत्सव मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्य अतिथि के रूप मे सहभागिता किया।

कार्यक्रम मे सर्वप्रथम श्री राय के हस्ते मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ कराया गया। तदोपरांत लखनादौन संस्था प्रमुख श्रीमती मंजू किशन साहू द्वारा आपश्री का पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथि सत्कार किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने संबोधन मे कहा कि आज हमारे लिए बहुत गर्व का विषय है कि हम सब मिलकर इस पावन धरा को हरा-भरा बनाने का संकल्प ले रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से हमें प्रकृति से जुडऩे का एक नया मार्ग दिखाया है।

हमारी हिंदू संस्कृति में वृक्ष को देवता माना गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि एक वृक्ष दस पुत्रों के समान होता है। आज हम जो पौधा लगा रहे हैं वह केवल एक पौधा नहीं है बल्कि आने वाली पीढिय़ों के लिए आक्सीजन का बैंक है। श्री राय ने कहा कि आप सभी से आग्रह करता हूं कि केवल पौधा लगाएं ही नहीं, बल्कि एक अभिभावक की तरह उसका संरक्षण भी करें।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य केवल सडक़ों और इमारतों का निर्माण करना ही नहीं है, बल्कि एक स्वच्छ और हरित भारत का निर्माण करना भी है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना आज के समय की सबसे बड़ी मांग है।ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते तापमान से बचने का एकमात्र रास्ता पौधारोपण है। सरकार जल-शक्ति और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक कार्यकर्ताओं और नागरिकों से आह्वान है कि आगामी मानसून सत्र में कम से कम पाँच पौधे अवश्य लगाएँ। और अपनी धरती माँ का श्रृंगार वृक्षों से करें। इसके पश्चात बीजारोपण कर पौधा बनाने वाले छात्र छात्राओं को विधायक दिनेश राय मुनमुन के हस्ते पुरुस्कारों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमियों, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## सफर में कितनी भी काम हो दूरी, पर दुपहिया पर हेलमेट है जरूरी

# पुलिस अधीक्षक सिवनी की उपस्थिति में चलाया गया हेलमेट जागरूकता अभियान, चालानी कार्यवाही के साथ हेलमेट भी किये वितरित

**पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के निर्देशन में सिवनी पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता अभियान जिले के राष्ट्रीय राजमार्गों, राजमार्गों एवं अन्य मुख्य सडक़ मार्गों के निकट बसे क्षेत्रो में चलाया जा रहा है,**





क्योकि उक्त मार्गो पर ही सडक दुर्घटना के दौरान दुपहिया वाहन चालको की मृत्यु अधिक होती है। इसी तारतम्य में सिवनी पुलिस द्वारा आज दिनांक को हेलमेट जागरूकता अभियान थाना लखनवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत फुलारा ग्राम के पास पुलिस अधीक्षक सिवनी की उपस्थिति में आयोजित किया गया ।

इस दौरान थाना प्रभारी लखनवाड़ा एवं यातायात द्वारा अपने बल के साथ हेलमेट न धारण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी एवं जिन वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई, उनको पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता द्वारा हेलमेट की उपयोगिता समझाते हुए हेलमेट धारण करने हेतु अभिप्रेरित करते हुए मौके पर हेलमेट वितरण किए गए। पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा वितरण कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया की आप पर चालानी कार्यवाही हेलमेट पहनने का दंड नहीं अपितु आपकी अमूल्य जान को बचाने के लिए की गयी है जिससे कि आप आगे आने वाले समय में हेलमेट धारण करें एवं अपने आप को सुरक्षित रखते हुए अपने परिवार को सडक़ दुर्घटना के बाद होने होने वाली समस्याओं से भी दूर रखें। पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा इस दौरान लोगो से अपील की गयी की वे भी अपने आसपास के कम से कम पांच पांच व्यक्त्यियो को हेलमेट धारण करने हेतु प्रेरित करे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति श्रद्धा सोनकर, निरीक्षक चन्द्र किशोर सिरामें थाना प्रभारी लखनवाड़ा, निरीक्षक विजय बघेल थाना प्रभारी यातायात साथ ही थाना यातायात एवं लखनवाड़ा का बल उपस्थित रहा। सफर में कितनी भी काम हो दूरी, पर दुपहिया पर हेलमेट है जरूरी

खबर संक्षेप

## सहायक संचालक द्वारा किरनापुर क्षेत्र की शालाओं का निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में सहायक संचालक श्री सी. एस. मरावी द्वारा दिनांक 20 दिसंबर 2025 को विकासखंड किरनापुर अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किन्हीं, हाई स्कूल रानककोड़ी एवं शासकीय हाई स्कूल पौनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाई गई, जिस पर संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया तथा आगामी दिनों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। श्री मरावी द्वारा कक्षाओं में अंग्रेजी विषय का अध्यापन कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का आकलन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा पे चर्चा, छात्रवृत्ति वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई तथा परीक्षाफल में सुधार लाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट द्वारा जारी 75 दिवस की कार्ययोजना के अनुरूप अध्यापन कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। आईटी सेल कोऑर्डिनेटर श्री कमलनाथ पाराशर द्वारा विद्यालयों में आई तकनीकी समस्याओं का समाधान किया गया।

जिला शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में परीक्षाफल को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। शिक्षकों से अपील की गई है कि वे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम सुधारने में सक्रिय योगदान दें।

## बैंक सीईओ बघेल ने किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ श्री अभिनव सिंह बघेल द्वारा 20 दिसंबर को जिले के धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री बघेल भेंडारा केप अंतर्गत डोंगरमाली, बेनी, लडसड़ा एवं भेंडारा स्थित धान खरीदी केंद्रों पर पहुंचे।

### भिलाई ने जीती अंतरराज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# तिरोड़ी की जनता ने विधायक के समक्ष खेल मैदान में दर्शक दीर्घा बनाने की रखी मांग



**कटंगी।** मायॅल नगरी तिरोड़ी के दुर्गा ग्रांउड में 12 दिसंबर से मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वाधान में आयोजित अंतरराज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार की शाम 05 बजे समारोहपूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भिलाई और मंडला के मध्य खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा। जिसने दर्शकों को आखरी तक मैदान में बनाए रखा। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भिलाई ने मंडला की टीम को 23 रनों से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने की। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष इंद्रजीत भोज प्रमुख अतिथि रहे। थाना प्रभारी तिरोड़ी कौशल कुमार सूर्या, सरपंच फौजिया खान, सहायक मॉयल प्रबंधक उदित बोथरा, मंडल अध्यक्ष भाजपा अविनाश देशमुख, रहीम खान, नवीन अग्रवाल, हाजी जमील नाजमी, अजहर अली, आनंद बरमैया, फैयाज अंसारी, ज्ञानीराम राहंगडाले, म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष तिरोड़ी पवन वैध, म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष कटंगी अमजद खान, राम भाऊ चोपकर शाखा प्रबंधक विशेष अतिथि रहे। समापन समारोह के दौरान तिरोड़ी क्षेत्र की जनता ने विधायक से दुर्गा ग्राउंड में दर्शकदीर्घा का निर्माण करवाने की मांग रखी। विधायक ने भरोसा दिया कि बिना ग्राउंड को खराब किए अगर दर्शकदीर्घा बनाई जा सकती है तो वह हर संभव मदद करने को तैयार है। विधायक ने स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों से लेदर बॉल से ही क्रिक्रेट खेलने की अपील की है साथ ही खिलाड़ियों को सारा सामान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि टेनिस बॉल की अपेक्षा खिलाड़ियों को लेदर बॉल से क्रिकेट खेलना चाहिए क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय खेल है।

### मंडला और भिलाई के बीच फाइनल मुकाबला-

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भिलाई की टीम ने पहली बैटिंग करते हुए 20 ओवर में मंडला टीम के सामने 157 रनों का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी खेलने उतरी मंडला की टीम का शुरूआती परिणाम बेहद शानदार रहा। दर्शकों को यह मैच एक तरह से एकतरफा लग रहा था लेकिन भिलाई के आदित्य कुमार की शानदार गेंदबाज़ी ने मैच का पलट कर रख दिया। शुरूआत के 10 ओवरों तक जो टीम लगभग जीत के कगार पर पहुंच चुकी थी वह टीम दनादन विकेट गिरने के बाद 23 रनों से हार गई। मंडला की टीम के बेहद शानदार बल्लेबाज बसंत ठाकुर ने 35 गेंदों में 71 रन निकाले परंतु उनकी धुंआधार बल्लेबाजी भी मैच नहीं जीता पाई। प्रतियोगिता में नागपुर, जबलपुर, तुमसर, भिलाई, रायपुर, मलाजखंड, बरघाट, बालाघाट, तिरोड़ा सहित कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। विजेता टीम भिलाई को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने 51 हजार रुपए और उपविजेता टीम मंडला को ग्राम पंचायत तिरोड़ी के द्वारा 31 हजार रुपए की नगद राशि और दोनों को ट्राफी भेंट की गई।



### अतिथियों ने खिलाडियों को किया प्रोत्साहित-

समापन समारोह में थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या थाना प्रभारी ने कहा जब से प्रतियोगिता शुरू हुई तिरोड़ी की फिजा बदल गई थी। खेल में हार जीत होते रहती है हार का ग़म नहीं मनाना चाहिए। टेनिस बॉल का चलन आ गया है तिरोड़ी में लेदर बॉल का आयोजन हुआ ये खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी बात है। उदित बोथरा ने कहा भिलाई को जीत की बधाई मंडला की टीम को भी बधाई उन्होंने भी शानदार प्रदर्शन किया। हाजी जमील नाजमी ने कहा कि लाठी का सहारा हो तो अंधा भी चल सकता है और हौसला बुलंद हो तो मुकद्दर भी बदल सकता है। यह बात भिलाई की टीम पर लागू होती है। जिसके खिलाड़ियों ने मैच को जीत में बदल दिया। इन्द्रजीत भोज ने भी मंडला और भिलाई की टीमों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## देवरबेली के धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बालाघाट।** जिले के कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 20 दिसंबर को लांजी तहसील अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम देवरबेली स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में की जा रही खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से धान की बोरियों की किसानों की उपस्थिति में तौल करवाई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्धारित मात्रा से अधिक धान का तौल नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने केंद्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा धान खरीदी के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों, स्लॉट बुकिंग की स्थिति, अब तक खरीदी गई धान की मात्रा एवं परिवहन की गई धान की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए कि केवल निर्धारित गुणवत्ता (एक्यू क्वालिटी) की धान ही खरीदी जाए तथा किसानों को उनके भुगतान की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण कराई जाए। निरीक्षण के दौरान लांजी के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री कमल सिंहसार भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## धान व्यापार एवं राईस मिल की जांच, अनियमितता पर प्रशासन की कार्रवाई

**बालाघाट।** जिले की किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम सेवती में 20 दिसंबर 2025 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री मिलन तिवारी एवं मंडी निरीक्षक श्री भीमेंद्र चौधरी द्वारा धान व्यापारियों एवं राइस मिलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान असाटी ट्रेडर्स, सेवती का परीक्षण किया गया, जहां प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर श्री मनीष असाटी मौके पर उपस्थित पाए गए।

## सेवती में धान व्यापारी के यहां की गई कार्यवाही

### 635 क्विंटल धान का स्टॉक जब्त

**बालाघाट ।** जिले की किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम सेवती में 20 दिसंबर को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री मिलन तिवारी एवं मंडी निरीक्षक श्री भीमेंद्र चौधरी द्वारा धान व्यापारी मनीष असाटी के प्रतिष्ठान मेसर्स असाटी ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यापारी के यहां 635 क्विंटल धान का स्टॉक पाया गया, जिसे नियमानुसार जब्त करते हुए व्यापारी की सुपुर्दगी में दिया गया। साथ ही धान उपार्जन कार्य पूर्ण होने तक जब्त की गई धान के विक्रय पर रोक लगा दी गई है।

जिला प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने एवं अवैध भंडारण व विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण का संदेश गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी एवं भंडारण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# महापुरूष, संस्कृति और सभ्यता भारतवर्ष की पूंजी-मौसम बिसेन

### अंबेडकर चौक में बैगा संस्कृति प्रतिमाओं एवं छत्रपति शिवाजी पार्क का भव्य लोकार्पण

**बालाघाट।** आदिम बैगा जनजाति का प्रकृति से जुड़ाव भारत की सांस्कृतिक विरासत है, जनजातिय वर्ग के उत्थान के लिये सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है, बैगा संस्कृति प्रकृति को सहेजने में आवश्यक है। इसी से प्रेरणा लेते हुए नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा शहर के अम्बेडकर चौक में बैगा संस्कृति की झलक से परिचय कराने प्रतिमाएं लगाई गई है जो नगर विकास और सांस्कृतिक गौरव की नई पहचान है। 20 दिसंबर को छत्रपति शिवाजी पार्क एवं बैगा संस्कृति प्रतिमा का लोकार्पण एवं अनावरण समारोह आयोजित किया गया। जहां पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन ने कहा कि देश की अखण्डता और एकता के लिये अपना सर्वस्व देने वाले महापुरूष हमारी संस्कृति, सभ्यता और आदिवासी समाज की भव्यता भारतवर्ष की पूंजी है। आदिवासी भूमकाल ने किया सुमरणी का पाठ नगर के अम्बेडकर चौक में समारोहपूर्व हुये इस आयोजन में सर्वप्रथम भारतमाता, भगवान बिरसा मुंडा एवं डॉ. बाबासाहब आम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके उपरांत विशेष रूप से पधारे आदिवासी समाज के भूमकाल द्वारा सुमरणी का पाठ किया गया और सेवा-जोहार का जयघोष हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का सत्कार किया गया एवं नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने नगरपालिका द्वारा शहर में किये जा रहे सुंदरता एवं स्वच्छता के साथ ही शहर की नई पहचान स्थापित करने वाले कार्यो के बारे में बताया।

### अतीत की गौरवगाथा का गुणगान कर रही नगरपालिका-मौस

समारोह में आयोग सदस्य मौसम बिसेन ने कहा कि बालाघाट शहर सामाजिक समरता की अलग पहचान रखता है जहां नगर पालिका द्वारा महापुरूषों के विचारों एवं उनके बताये मार्ग पर चलने के लिये प्रेरणा स्वरूप मूर्तियों का अनावरण किया जा रहा है तथा नगर को सुंदर बनाने के लिये उद्यानों एवं पार्क को पुर्नस्थापित करने के साथ ही विस्तार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि नगरपालिका का भरपूर साथ दें, स्वच्छता, विकास कार्य सहित अन्य कामों में सहयोग बनाये रखे। जीवन में हम सामाजिक नेतृत्वकर्ता से प्रेरणा लेते है और यह हमारे अतीत की गौरवगाथा का गुणगान है जिससे हमारे समाज को ऊर्जा मिलती है और इसका सूत्रपात मन के भीतर होता है। नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति और पार्षदों को बधाई है कि वे निरंतर ऐसे काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि महारे महापुरूष, उनका योगदन सर्व समाज के लिये है जो भारतवर्ष की पूंजी है।

प्रकृति से सामंजस्य में सुंदर होता है जीवन

नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि सर्वमान्य नेता गौरीशंकर बिसेन ने अनेक प्रतिमाएं स्थापित की है जिससे कि सभी को प्रेरणा मिल सके और उनके मार्गदर्शन में इसी कड़ी को हम निरंतर आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने बताया कि बालाघाट जिले की पहचान बैगा जनजाति प्रकृति-निष्ठ, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध समुदाय है। इनका रहन-सहन प्राकृतिक परंपराओं में रचा-बसा है। बैगा संस्कृति में न केवल अतीत की छाया है, बल्कि वह आज भी जनजातीय पहचान को जीवंत बनाए रखती है। इसी सभ्यता और संस्कृति से परिचय करने के लिये शहर के अम्बेडकर चौक में बैगा संस्कृति प्रतिमाओं का निर्माण कराया गया है जिससे हमें आदिवासी संस्कृति को करीब से जानने और इनके प्रति सम्मान का भाव रखने में मदद मिलेगी। विद्यार्थी वर्ग भी बैगा समुदाय इन सभ्यताओं को जान पाएंगे जिससे शोध और शिक्षा ग्रहण करने वालों को लाभ मिलेगा। नपाध्यक्ष ने बताया कि बैगा जनजाति की परंपराएँ हमें यह सिखाती हैं कि जीवन केवल आधुनिकता में नहीं, प्रकृति से सामंजस्य में भी सुंदर होता है। नगर में सुंदरता के लिये हो रहे रचनात्मक प्रयास नपाध्यक्ष ने बताया कि नगर के विकास और सांस्कृतिक गौरव को नई पहचान देने वाले इन दोनों कार्यो का पूर्ण होना गर्व एवं भावनात्मक संतोष का विषय रहा है। छत्रपति शिवाजी पार्क जहां शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश देगा। शहर में उद्यानों का कायाकल्प करने के लिये नगरपालिका बालाघाट द्वारा रचनात्मक प्रयास किये गये है। शहर को हरियालीयुक्त बनाने के लिये पौधारोपण को महत्व दियाग या इसमें नागरिकों का भी भरपूर सहयोग मिला है। आज शहरवासियों को छत्रपति शिवाजी पार्क समर्पित करके अत्यंत खुशी हो रही है। नपाध्यक्ष ने बताया कि कल तक यहां अव्यवस्थित तरीके से भूमि थी जहां कुछ फुटकर विक्रेताओं की दुकानें भी थी शिकायत के आधार पर दुकानों को हटाने से पहले विस्थापित किया गया और इसका प्लान तैयार किया गया बेहतर ड्राईंग डिजाईन से इस पार्क का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में आदिवासी नेत्री हिरासन उईके ने भी संबोधन दिया जिन्होंने आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति के संरक्षण के लिये नगरपालिका बालाघाट के कार्यो की प्रशंसा करते हुए नपाध्यक्ष को बधाई दी।

### आदिवासी एवं कुनबी समाज ने किया नपाध्यक्ष का सम्मान

छत्रपति शिवाजी पार्क एवं बैगा संस्कृति प्रतिमा का लोकार्पण एवं अनावरण समारोह के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, डॉ. बीएम शरणागत, किरणभाई त्रिवेदी, सुनील खोटेले, राजलदास कारडा, ऋषभदास वैद्य, अभय सेठिया, संजय अग्रिहोत्री, राकेश सेवईवार,रमाकांत डहाके,सुशील वर्मा, सत्यनारायण अग्रवाल, आदिवासी संस्कृति पुजारी भुमकाविनोद कोकाटे, रमेशचंद्र राऊत, रमा टेकाम, कल्पना बहेकार, संगीता फुण्डे, कल्पना मर्सकोले, अनिता बढ़ई, मीना चावड़ा, हेमा वाधवानी, राकेश सेवईवार, रमाकांत डहाके, सुरजीतसिंह ठाकुर, खगेश कावरे, विनय बोपचे, अभय कोचर, गजेन्द्र भारद्वाज, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति वकील वाधवा, कमलेश पांचे उज्जवल आमाडारे, संगीता कावरे, संगीता थापा, श्वेता सौरभ जैन, रैना धीरज सुराना, विनोद दीनू बसेने के साथ ही अन्य पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। वहीं प्रगतिशील कुनबी समाज के शिवशंकर शिवनकर, नीलकंठ राव बहेकार, घनश्याम फुण्डे, दिनेश बढ़ई, रामेश्वर फुण्डे, श्रीराम दानी, सुनील कोरे, खगेश कावरे, टीसी बागड़कर, रमेश भंडारकर, रमेश बढ़ई की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील कुनबी समाज द्वारा शिवाजी पार्क बनाये जाने पर नपाध्यक्ष का शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया गया तथा आदिवासी समाज की ओर से हिरासन उईके द्वारा बैगा संस्कृति से परिचय कराने स्थापित की गई प्रतिमाओं को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## कलेक्टर ने टेडवा एवं बेलगांव की शालाओं का किया निरीक्षण, शिक्षा व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

**बालाघाट।** जिले के कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 20 दिसंबर को लांजी तहसील के ग्राम टेडवा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बेदरेटोला टेडवा, माध्यमिक शाला टेडवा तथा ग्राम बेलगांव के हाईस्कूल का निरीक्षण कर शालाओं में संचालित शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, लांजी एसडीएम श्री कमल सिंहसार भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शालाओं में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर में ही उनकी ग्रेडिंग भी अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए, जिससे विद्यार्थियों की प्रगति का नियमित आकलन हो सके।

कलेक्टर श्री मीना ने शिक्षकों को समय पर शाला में उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से नियमित रूप से ई-अटेंडेंस लगाएं तथा शाला बंद होने के समय लॉग आउट करना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने भविष्य का लक्ष्य तय कर उस दिशा में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, संगीत एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लें, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने शिक्षकों को शाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और बच्चों के लिए स्वच्छ एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण से शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अनुशासन को लेकर सकारात्मक संदेश गया।

## भाजपा में नये चेहरों को अवसर देने की गौरवशाली परम्परा-राजेश पाठक

**बालाघाट।** भाजपा जिला बालाघाट के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी राजेश पाठक ने नीतिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बडा राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि ऐसा दल है जहां संगठनात्मक परम्पराओं के अंतर्गत निरंतर नये और योग्य चेहरे को आगे लाने की गौरवशाली परम्परा रही है। भाजपा में नेतृत्व केवल वरिष्ठता के आधार पर नहीं बल्कि समपर्ण, योग्यता व संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यक्षमता के आधार पर तय होता है जो इसे अन्य राजनीतिक दलों से अलग बनाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्रं मोदी एवं केन्द्रिय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी निर्णयों से पार्टी को नई ऊर्जा व नई दिशा मिलती रही है। पार्टी में प्रतिभा और कर्मठता को प्राथमिकता दी जाती हैं। उनके निर्णयों ने कई बार राजनीतिक विश्लेषकों को चौकाया है। बल्कि आम कार्यकर्ता के भीतर भी यह विश्वास मजबूत किया कि मेहनत और समपर्ण का उचित मूल्य भाजपा में अवश्य मिलता है। राजेश पाठक ने कहा कि नीतिन नवीन भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष और राष्ट्रीय महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाहन कर चुके है वे बिहार सरकार में नगरीय विकास आवास मंत्री रहने के साथ वर्तमान में पथ निर्माण विभाग के मंत्री है वह छत्तीसगढ भाजपा के प्रभारी भी है इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर राज्यों में भी पार्टी प्रभारी एवं पर्यवेक्षक के रूप में अपनी सेवायें दे चुके है भले ही उनकी आयु 45वर्ष है। लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और कार्यशैली उन्हें इस पद के लिये पूरी तरह सक्षम बनाती है। वह बिहार के बाकीपुर विधानसभा सीट से पांच बार विधायक निर्वाचित हुए है। उनके पिता भी विधायक थे, उन्हें राजनीतिक संस्कार विरासत में मिले परन्तु अपनी पहचान उन्होने कडी मेहनत व सघर्ष से बनाई है। उनके नेतृत्व में पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा मिलेगी और संगठन अधिक सशक्त होगा।

## 1 जनवरी को बजरंग सेना निकालेगी हनुमान जी की पालकी यात्रा

**बालाघाट।** नववर्ष की शुरूआत, हनुमान भक्ति से करने की मंशा को लेकर विगत दो वर्षो से बजरंग सेना, प्रतिवर्ष तीन दिवसीय भगवान हनुमानजी का उत्सव मनाती है। इस वर्ष, बजरंग सेना का यह तीसरा आयोजन है। बजरंग सेना अध्यक्ष यश मंगलानी ने बताया कि जहां लोग नववर्ष के स्वागत पर मांस और मदिरा का सेवन करते है, वहीं हमने युवाओं के साथ मिलकर नववर्ष के आगमन पर भक्तिमय आयोजन करने का प्रयास किया गया है और विगत दो वर्षो से यह निरंतर जारी है, इस वर्ष, सेना के आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। जिसमें 31 दिसंबर को प्रातः 10 बजे, दीनदयालपुरम स्थित हनुमान मंदिर से हनुमान जी की प्रतिमा का आगमन होगा। शाम 7 बजे भजन संध्या का आयोजन सिंधु भवन के सामने किया जाएगा। 1 जनवरी नववर्ष पर प्रातः 11 बजे, सिंधु भवन में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे भगवान हनुमानजी का अभिषेक, शाम 4 बजे हनुमान जी की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। जो सिंधु भवन से प्रारंभ होकर हनुमान चौक, मेनरोड से काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक होते हुए सिंधु भवन पहुंचेगी। जहां पालकी यात्रा का समापन किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन 2 जनवरी को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक पीड़ति मानवता के सेवार्थ रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें बजरंग सेना और इच्छुक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद (भंडारे) का वितरण, हनुमान भक्तों को किया जाएगा।

जिसमें जिले के भक्तों से उपस्थिति की अपील संजय मंगलानी, साहिल आहुजा, अंशुल पेसवानी, हिमांशु दावड़ा, प्रथम क्षत्रिय, आकाश वरदानी, यश बिसेन, उपांशु बत्रा, चिराग केशवानी, गौतम अटलानी, तनिश पेसवानी, काव्या बत्रा, निकुंश सांवरे, त्रिभुवन नगपुरे ने की है।

## बनियाटोला ने रमरमा को 5 विकेट से हराकर जीती प्रतियोगिता

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचवाही में भारतीय स्टेट बैंक कोचेवाही के तत्वावधान में 7 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल मैच रविवार को ग्राम बनियाटोला और रमरमा के बीच खेला गया। जिसमें बनियाटोला ने रमरमा को 5 विकेट से पराजित कर विजयी होने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि व विधायक विवेक विक्की पटेल, भूतपूर्व विधायक ओंकार सिंह बिसेन व अन्य अतिथियों के हस्ते पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के फाईनल मैच की टॉस प्रक्रिया समारोह के मुख्य अतिथि व विधायक विवेक पटेल की उपस्थिति में सम्पन्न की गई। जिसमें ग्राम बनियाटोला की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ग्राम रमरमा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 126 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। रनों का पीछा करने उतरी ग्राम बनियाटोला टीम के बल्लेबाजों ने पहली ही गेंद से चौक छक्का लगाते रहे और 10 ओवर में 5 विकेट खोकर मैच में जीत दर्ज कर ली। विजेता



बनियाटोला की टीम को विधायक विवेक विक्की पटेल, भूतपूर्व विधायक ओंकार सिंह बिसेन व अन्य अतिथियों के हस्ते 15 हजार रुपए व उपविजेता रमरमा की टीम को 11 हजार रुपए व शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया।

पिच पर टिकने वाला खिलाड़ी ही मैच जीताता है-विवेक पटेल

इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि दोनों ही टीमें कई टीमों को हराकर फाइनल में पहुंची थी। रमरमा टीम का स्कोर देखकर ऐसा लग रहा था कि आराम से जीत जाएगी, मगर बनियाटोला टीम के खिलाड़ियों ने रमरमा टीम के गेंदबाजों के पसीने छुड़ा दिए और बड़े ही आसानी से जीत दर्ज कर ली। क्रिकेट मैच में कई बार टीम बिना विकेट खोए भी मैच जीत जाती है, तो कई टीमें सैकड़ा का आंकड़ा भी छू नहीं पाती हैं और आलआउट हो जाती हैं। हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी बड़े-बड़े स्तर में खेल रहे हैं, हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों को मै हमेशा प्रोत्साहित करता हूॅ। मुझसे जब भी किसी भी प्रकार से सहयोग मांगते हैं, मै पूरा करता हूॅ। क्रिकेट और राजनीति में अंतिम समय तक नहीं कहा जा सकता कि जीत किसकी होगी? इसलिए हर खिलाड़ी अंतिम गेंद तक मैदान पर डट के खेलते रहे, तो जीत जरूर मिलती हैं। कार्यक्रम में भूतपूर्व विधायक ओमकार सिंह बिसेन, खैरलांजी ब्लाक अध्यक्ष तेजराम नगपुरे, स्टेट बैंक कोचेवाही शाखा प्रबंधक प्रवेश नाग, संदेश बिसेन, राजेंद्र मेश्राम, सत्तू बिसेन, मोनू चौधरी, दुर्गेश बारेकर, पवन रोकड़े, विवेक बिसेन सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहें।